राज्यपाल सचिवालय
राज भवन , जयपुर

राज्यपाल ने फतेहसागर झील की पाल पर किया भ्रमण

जयपुर, 20 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र उदयपुर यात्रा के दौरान सोमवार शाम को फतेहसागर झील पहुंचे और देर तक झील के किनारे बैठे। लबालब भरी झील को देखकर राज्यपाल ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि फतेहसागर सच में झीलों की नगरी उदयपुर की शान है।

राज्यपाल ने झील की भराव क्षमता और पर्यटकों के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में जिला प्रशासन से जानकारी ली। उन्होंने झील की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए भी आमजन से अपील की।

———